UNIVERSITY NEWS ON 28 JANUARY 2026

## AMAR UJALA

### डॉ. किरन को मिला प्रशस्ति पत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की डॉ. किरन लता डंगवाल को शीलीड्स-डिजिटल पाथ टू एंप्लॉयमेंट कार्यक्रम में मेंटर के रूप में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया है। कार्यक्रम का आयोजन कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग की ओर से कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया, नई दिल्ली के माध्यम से किया गया था। प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि सितंबर से दिसंबर तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. किरन के मार्गदर्शन के लिए सम्मान दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविवि को ट्रैवलर, एंबुलेंस की सौगात

लखनऊ। गणतंत्र दिवस पर राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने लखनऊ विश्वविद्यालय को सांसद निधि से अनुदानित ट्रैवलर और अत्याधुनिक सुविधाओं वाली एंबुलेंस दी। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि यह एंबुलेंस आपात स्थिति में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को राहत देगी। मौके पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा, कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### शिक्षकों व कर्मचारियों की हुई निशुल्क जांच

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारियों व शिक्षकों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए मंगलवार को तिब्बती चिकित्सा शिविर लगाया गया। विवि के टीचर स्टाफ क्लब में डॉक्टर येशी ढोढेन ने जांच की। शिविर लविवि शिक्षक संघ लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के अनुरोध पर लगाया गया। (संवाद)

### प्रयोगात्मक परीक्षा का अंतिम मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने छूटे विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने का अंतिम मौका दिया है। परीक्षा चार फरवरी को सुबह 10 बजे से होगी। विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों केबीएससी प्रथम व तीसरे सेमेस्टर (एनईपी) रसायन विज्ञान के कई विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। उनके लिए यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को एक फरवरी तक विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा। इसका आवेदन 500 रुपये है। (संवाद)

## HINDUSTAN

### विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस पर विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में ध्वजारोहण किया गया। लखनऊ विवि के समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने सांसद निधि से अनुदानित ट्रैवलर वाहन और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस विवि को दिया। एकेटीयू में कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय ने झंडारोहण किया। नगर निगम डिग्री कॉलेज में प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय, कालीचरण पीजी समेत कई अन्य कॉलेजों में ध्वजारोहण हुआ।

## NBT

लखनऊ विश्वविद्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस पर कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को अपनाने तथा राष्ट्र सेवा में संकल्पित होने का आह्वान किया।

## HINDUSTAN

### एलयू की डॉ. किरन लता डंगवाल सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. किरन लता डंगवाल को शीलीड्स-डिजिटल पाथ टू एम्प्लॉयमेंट कार्यक्रम में मेंटर के रूप में उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग की ओर से नई दिल्ली के कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया के माध्यम से आयोजित किया गया था।

## VOICE OF LUCKNOW

### लविवि में मना गणतंत्र दिवस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने ध्वजारोहण के बाद अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को राष्ट्र सेवा तथा शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए संकल्पित किया।

अपने उद्बोधन में प्रो. सैनी ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व झ को जीवन में आत्मसात करें। कुलपति ने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलपति ने विशेष रूप से छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनकी सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे न केवल अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें।

## AMRIT VICHAR

### विश्वविद्यालयों में भी दी गई राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

अमृत विचार, लखनऊ : गणतंत्र दिवस शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने ध्वज फहराकर एनसीसी कैडेट्स का सैनिक अभिवादन स्वीकार किया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल व मेजर जनरल मनोज तिवारी ने ध्वजा फहराया।राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, जेंडर चैंपियन टीम व विश्वविद्यालय की अन्य सुरक्षा टुकड़ियों की ओर से परेड के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। मेजर जनरल मनोज तिवारी ने संबोधित किया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे मजबूत और सशक्त संविधान है। संविधान के जरिए ही देश के हर व्यक्ति को अधिकार मिले हुए हैं। वित्त अधिकारी केशव सिंह, प्रो. वीरेंद्र पाठक, प्रो. विनीत कंसल, प्रो. राजीव कुमार, कुलसचिव रीना सिंह, ओपी सिंह, सरोज पांडे सहित अन्य अधिकारी शिक्षक कर्मचारी छात्र मौजूद रहे।



एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाते डॉ. दिनेश शर्मा व कुलपति प्रो. जेपी सैनी।

### डॉ. दिनेश शर्मा ने लविवि को दी एंबुलेंस

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय को राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने सांसद निधि से अनुदानित ट्रैवलर वाहन एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस विश्वविद्यालय परिवार को दिया है। यह एम्बुलेंस विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को और सुदृढ़ करेगी। यह आपात परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम होगी।

### डॉ. किरन लता डंगवाल को मिला प्रशस्ति पत्र



अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ. किरन लता डंगवाल को डिजिटल पाथ टू एम्प्लॉयमेंट कार्यक्रम में मेंटर के रूप में उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग द्वारा, कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया नई दिल्ली के माध्यम से आयोजित किया गया था। यह सम्मान उन्हें सितंबर से दिसंबर 2025 तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके समर्पित मार्गदर्शन के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र के रूप में प्रदान किया गया।